Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to improve the railway service in Sirsa.

श्रीमती सुनीता दुग्गल (सिरसा): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत आभार । मेरी कॉन्स्टीट्यूएंसी सिरसा में डबवाली शहर है । उस शहर में जो रेलवे लाइन जाती है, वह शहर को दो भागों में डिवाइड करती है । वहां पर जो मालगाड़ी जाती है, जब स्पेशल ट्रेन जाती है तो दस-दस, ग्यारह-ग्यारह घंटे के लिए फाटक बंद हो जाता है । पूरा शहर स्टैंड-स्टिल की स्थिति में आ जाता है । एक महीने में ऐसी स्पेशल ट्रेन जो है, वह कम से कम चार-पांच बार जाती है । अगर सीजन का समय है, तो आप देखिये कि एक दिन में एक ट्रेन भी जाती है तो महीना भर लगातार दस-दस, बारह-बारह घंटे शहर स्टैंड-स्टिल हो जाएगा । वहां के लोग बहुत ज्यादा त्रस्त हैं । इसलिए मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से रिक्वेस्ट है कि वहां अल्टरनेट सिस्टम कर दें । हमारी सरकार उनको लैंड देने को तैयार है, वहां के लोग सब कुछ देने को तैयार है, लैंड देने को तैयार है । अगर कोई अल्टरनेट माध्यम वहां पर बन जाए तो उन लोगों को फिर दिक्कत नहीं होगी । वहां पर लोडिंग-अनलोडिंग होने के बाद लोग वहां से आवागमन ठीक से रख सकेंगे ।

माननीय अध्यक्ष जी, इसके साथ-साथ सुबह प्रश्न काल में जो प्रश्न संख्या 46 थी, उसके अंदर बहुत अच्छा रिप्लाई दिया गया था । हमारे सांसद महोदय ने सवाल उठाया था । उसमें जो एक रेलवे लाइन हिसार से सिरसा वाया अग्रोहा, फतेहाबाद जाएगी, मेरी रिक्वेस्ट थी कि उसमें हरियाणा सरकार सब कुछ करने के लिए तैयार है, जितना जल्दी हो सके उसे कर दें तो आपका बहुत-बहुत आभार होगा । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती सुनीता दुग्गल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री दीपक बैज । दीपक जी, आप अपनी सीट पर खड़े हो जाइए, अपने आप माइक चालू हो जाएगा । यह हमारी जिम्मेदारी है ।